हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 जुलाई 2024

रतिया के 6 गांव व शहर का एक वार्ड नशामुक्त घोषित... 11



नशे के खिलाफ चौटाला में आवाज बुलंद, पुलिस चौकी के बाहर धरना 12



## खबर संक्षेप

### मकान के ताले टूटे गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने ठाकर बस्ती में एक मकान के ताले तोडक़र वहां से लाखों के सोने के गहने और नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संदीप ने कहा कि वह गत दिवस दोपहर को परिवार सहित गांव अयालकी चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि उसके घर के मेन गेट का कुण्डा टूटा हुआ था और लाखों के गहने व नकदी गायब मिली।

### फतेहाबाद व भट्टू से दो युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में भट्टूकलां निवासी एक युवक ने कहा है कि उसकी 22 वर्षीय पत्नी गत दिवस घर पर बिना बताए कहीं चली गई है। वह अपने छोटे बच्चे को भी घर छोड़ गई है और वापस नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** हरियाणा महिला विकास निगम, पंचकुला द्वारा केवल हरियाणा की बीपीएल परिवार की स्थाई निवासी लड़कियों/महिलाओं के लिए 10 दिन का ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिला की इच्छुक महिलाएं 19 जुलाई तक जिला प्रबंधकहरियाणा महिला विकास निगम के कार्यालय में आवेदन कर सकती है। यह प्रशिक्षण महिलाओं को निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने टोहाना क्षेत्र से एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। सीआईए स्टाफ पुलिस की टीम गश्त के दौरान गांव अकांवाली से टोहाना जा रही थी। जैसे ही टीम जमालपुर शेखा फाटक के पास पहुंची एक युवक आता दिखाई दिया तो शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक नाजायज पिस्तौल 32 बोर व 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### सरकार व्यापारियों के साथ खड़ी है: गंगाराम

**सिरसा।** हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के जिला चेयरमैन गंगाराम गुप्ता ने व्यापारियों के साथ एमएसएमई के डीडी से व्यापारियों को आ रही समस्याओं को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों के साथ खड़ी है। बैठक में व्यापारियों को नई सरकारी योजनाओं के बारे में डिप्टी डायरेक्टर दिनेश पाहवा ने बड़े विस्तार से जानकारी दी।

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने भट्टू क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव ठुईयां से ढाबी खुर्द की तरफ जा रही थी। जैसे ही टीम गांव ठुईयां के हनुमान मंदिर के पास पहुंची तो ढाबी खुर्द की ओर से एक युवक मोटरसाइकिल पर आते दिखाई दिया। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रविन्द्र कुमार बताया।

## तहसील कार्यालय में भी नहीं हो सकी रजिस्ट्री व इंतकाल, परेशान लोग वापस लौटे

# कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल के चलते ई-दिशा में कामकाज ठप्प

**लघु सचिवालय स्थित दफ्तरों में काफी असर देखने को मिला**



फतेहाबाद। हड़ताल के कारण सुनसान पड़ा ई-दिशा केन्द्र। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

कम्प्यूटर प्रोफेशनल यूनियन के प्रदेशव्यापी हड़ताल के आह्वान के चलते सोमवार को फतेहाबाद के सरकारी विभागों में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर रहे। कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल का लघु सचिवालय स्थित दफ्तरों में काफी असर देखने को मिला। हड़ताल के कारण यहां सारा कामकाज ठप्प रहा। इसके चलते ई-दिशा केंद्र पूरी तरह खाली रहा। फतेहाबाद के अलावा रतिया व टोहाना के ई-दिशा केंद्रों में भी कामकाज ठप रहा। लोग काम करवाने के लिए आए, लेकिन कोई कर्मचारी न होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। हड़ताल के कारण ई-दिशा केंद्र में लाइसेंस बनाने, फर्द जारी करने व अन्य दस्तावेज संबंधी सभी कार्य ठप रहे।

सप्ताह का पहला दिन होने के कारण लोगों की भीड़ रही। लोग ई-दिशा केंद्र पहुंचे, लेकिन उन्हें वापस लौटना पड़ा। लोगों ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन को पहले ही व्यवस्था कर देनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। कम्प्यूटर प्रोफेशनल यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुखविन्द्र सिंह व जिला अध्यक्ष देवीलाल ने बताया कि कम्प्यूटर प्रोफेशनल यूनियन पिछले काफी समय से अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। 11 सितम्बर 2019 को भारतीय मजदूर संघ के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में सेवा नियमों को सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद अब 4 साल से इस पर कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि उनकी मांग है कि डीआईटीएस को केन्द्रीकृत किया जाए तथा बजट का प्रावधान किया जाए। सभी कार्यरत कर्मचारियों के लिए पद सृजित किए जाएं। एचकेआरएनएल में भेजे गए सभी कर्मचारियों को वापस डीआईटीएस में समायोजित किया जाए। 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए, लेकिन सरकार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। इसलिए यह हड़ताल की जा रही है। अगर जल्द ही उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो हड़ताल लंबी चल सकती है।

### हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स आज शुरू करेंगे आंदोलन, 18 को लेंगे सामूहिक अवकाश

**फतेहाबाद।** हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा संबंधित बीएमएस के आह्वान पर अनेक विभागों, निगम व बोर्ड में कार्यरत सभी हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल अपनी नियमितिकरण की पॉलिसी न बनाने सहित अन्य मांगे पूरी न होने के फलस्वरूप विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा स्थानीय विधायकों को अपना मांग पत्र सौंपे जाएंगे। एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ढांडा ने बताया कि 16 व 17 जुलाई को हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल प्रदेश के विभिन्न जिलों में काली पट्टी लगाकर अपने-अपने कार्यालयों में कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा 18 जुलाई को सभी हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और संबंधित जिलों की विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को अपना मांग पत्र सौपेंगे। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई रविवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल पंचकूला में इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री कार्यालय तक मार्च पास्ट किया जाएगा और अपनी नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने सहित अन्य मांगों को पूरा करवाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

### नागरिक अस्पताल में डॉक्टर दो घंटे रहे हड़ताल पर, मरीज हुए परेशान



**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल के चिकित्सक भी अपनी मांगों को लेकर दो घंटे हड़ताल पर रहे। चिकित्सकों द्वारा सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक हड़ताल रखी गई। इस दौरान इक_ हुए डॉक्टरों ने सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। डॉक्टरों ने कहा कि अगर सरकार मांगे नहीं मानती है तो 25 जुलाई के बाद अनिश्चित हड़ताल पर जाएंगे। दो घंटे ओपीडी बंद रहने से सरकारी अस्पताल में आए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मरीज उपचार करवाने के लिए ओपीडी में गए तो डॉक्टर नहीं मिले। इसके चलते बार बैठकर मरीजों का इंतजार करना पड़ा। प्रधान भरत सहारण ने कहा कि मांगों को लेकर पहले भी हड़ताल की गई थी। इस दौरान तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आश्वासन दिया था कि सरकार उनकी मांगों पर विचार कर रही है और जल्द उन्हें पूरा किया जाएगा लेकिन अभी तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है। इसके चलते मजबूरन उन्हें हड़ताल करनी पड़ रही है, इसकी जिम्मेदार सरकार है।




फतेहाबाद। विरोध प्रदर्शन करते हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेशभर में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई: अभय चौटाला

**सिरसा।** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज पूरे हरियाणा में अराजक तत्वों का राज है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है जिसके चलते व्यापारी व आमजन खौफ के साए तले जीने को विवश है। वे सोमवार को डबवाली रोड स्थित अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी और उनके समाधान के लिए फोन के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों से कहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज पूरे हरियाणा दिन प्रतिदिन व्यापारियों, दुकानदारों से फिरौती मांगने व न देने की सूरत में गोली मारने जैसी गंभीर घटनाओं ने जन्म ले लिया है जिससे स्पष्ट है कि सरकार का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार को कानून व्यवस्था पर पूरा नियंत्रण करना चाहिए ताकि आमजन स्वतंत्र रूप से अपना कामकाज कर सके। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी से हरियाणा विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों का इनेलो बसपा गठबंधन को आशीर्वाद मिलेगा और निश्चित ही गठबंधन की सरकार गठित होगी।

## डोडा चूरापोस्त सहित 5 महिलाएं गिरफ्तार



सिरसा। चूरापोस्त के साथ पकड़ी गई महिलाएं पुलिस हिरासत में।

- आरोपी महिलाएं राजस्थान से लाकर पंजाब में सप्लाई करने की फिराक में थी
- महिलाओं को काबू कर उनके कब्जे से 20 किलो 300 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव जमाल क्षेत्र से पांच महिलाओं को काबू कर उनके कब्जे से 20 किलो 300 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया है। चौपटा थाना प्रभारी राजा राम ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान मनजीत कौर पत्नी किरणपाल सिंह निवासी मोगा पंजाब,सविंदर कौर पत्नी भोला सिंह निवासी पतिकलां भठिंडा पंजाब, सुखविंद्र कौर पत्नी जगराज सिंह निवासी भैणी महाराज भठिंडा, कुलविंदर कौर पत्नी कुलदीप सिंह निवासी भलाईयाणा मुक्तसर पंजाब व सुखविंदर कौर पत्नी राजविंदर सिंह निवासी पतीकलां भठिंडा पंजाब के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव जमाल क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान सामने से पांच महिलाएं अपने हाथों में प्लास्टिक के कट्टे लिए हुए आती दिखाई दी। महिलाओं ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर एकदम से वापस मुडक़र तेज-तेज कदमों से चलकर खिसकने का प्रयास करने लगी तो पुलिस ने शक के आधार पर कार्रवाई करते हुए उक्त महिलाओं को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 20 किलो 300 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद किया। गिरफ्तार की गई महिलाओं से प्रारम्भिक पूछताछ में बतलाया कि उक्त डोडा पोस्त राजस्थान से लेकर आई थी और पंजाब क्षेत्र में लेकर जा रही थी।

## किसान नेता ने विस में चुनाव लड़ने का लिया निर्णय



भट्टूकलां। कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते किसान नेता कमल बिसला।

- कमल बिसला ने कार्यकर्ताओं की बुलाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

भट्टू क्षेत्र से किसान नेता कमल बिसला ने कार्यकर्ताओं से राय मशवरा के बाद विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। यहां कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद कमल बीसला ने कहा कि फतेहाबाद हल्के में सेम की समस्या पिछले 30 सालों से थी परंतु किसी भी विधायक ने आज तक इसका समाधान की नहीं सोची। किसानों ने 70 दिनों तक भट्टू उप-तहसील कार्यालय में धरना व ताला लगाया जिसके बाद सरकार जागी और 100 करोड़ रुपए सेम की समस्या के समाधान व ड्रेन की सफाई के लिए मिले। कमल बिसला ने कहा कि फतेहाबाद हल्के की दुर्गति के लिए दलबदलू नेता जिम्मेवार है। कमल बिसला ने कहा कि आज फतेहाबाद शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी पिछड़ चुका है। फतेहाबाद में बनने वाले मेडिकल कॉलेज को भी टोहाना शिफ्ट कर दिया। यह न केवल मौजूदा विधायक की नाकामी है बल्कि इसका विपक्षी दलों के नेताओं ने भी विरोध नहीं किया। किसान नेता ने कहा कि आज यहां कोई उद्योग न होने के कारण युवा वर्ग बेरोजगारी की मार झेल रहा है। छोटे दुकानदार मंदी के दौर से गुजर रहे है लेकिन सरकार उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे। इन्फ्रास्ट्रक्चर न होने के कारण फतेहाबाद खेलों के मामले में भी पिछड़ चुका है। फतेहाबाद में सीवरेज की बहुत भारी समस्या है और थोड़ी बारिश में ही शहर पानी में डूब जाता है। उन्होंने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव बदलाव का चुनाव होगा। कांग्रेस में बहुत फूट है, अनेक प्रत्याशी हैं और जिसको भी टिकट मिलेगी सभी उसे हराने की कोशिश करेंगे। आज माहौल बीजेपी के खिलाफ है और लोग भाजपा से नाराज है। उन्होने कहा कि उनकी विचारधारा आम आदमी पार्टी से मिलती है और उन्हें लगता है कि इस पार्टी में काबिलियत पर टिकट मिलता है।

## हैंड-टू-हैंड फाइटिंग स्पोर्ट्स में सिरसा प्रथम




सिरसा। विजेता खिलाडियों को सम्मानित करते अमन चोपड़ा।

- पहली राज्य स्तरीय हैंड टू हैंड फाइटिंग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पहली राज्य स्तरीय हैंड टू हैंड फाइटिंग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन बरनाला रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा में किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों सिरसा, सोनीपत, भिवानी, पलवल, गुरुग्राम, फतेहाबाद, हिसार, रोहतक, कुरुक्षेत्र, करनाल और महेंद्रगढ़ के प्रतिभावान खिलाडियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए इसे सफल बनाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य प्रधान अनिता सैनी व उप प्राधान जसबीर सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाडियों की हौंसला-अफजाई की और खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले आयोजित किए गए। खिलाडियों ने अपनी तकनीक और रणनीति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी मुकाबले खेल भावना और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुए। इस प्रतियोगिता में सिरसा ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ पहले, सोनीपत ने दूसरे व भिवानी ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र भाजपा नेता अमन चोपड़ा व जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा कर्ण दुग्गल ने प्रदान किए।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन : उपायुक्त

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों क्रमशः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपये की राशि व मेडल प्रदान किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए डीसीराहुल नरवाल ने बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन किया जाएगा।

### मिस्टर एंड मिस इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीते गोल्ड मेडल



**सिरसा।** बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन द्वारा दिल्ली में आयोजित मिस्टर एंड मिस इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में मैक्स फिटनेस जिम के प्रशिक्षणार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते है। इस सिलसिले में कोच विवेक ने बताया कि उनके नेतृत्व में बच्चे सिरसा से दिल्ली पहुंचे और बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन के चेयरमैन रवि उज्जैनवाल व प्रधान काके राजोरा के मार्गदर्शन में चैंपियनशिप में भाग लिया। यहां विभिन्न राज्यों से बच्चे भाग लेने आए थे। विवेक ने बताया कि डेडलिफ्ट में डॉ. सुभाष नानुआना ने लगातार दूसरी बार गोल्ड मेडल हासिल किया तो वहीं राहुल अरोड़ा व हन्नी ने भी डेडलिफ्ट में गोल्ड मेडल जीता। इसके अतिरिक्त रॉयल फिटनेस जिम से प्राची ने कोच अनिल प्रजापति के नेतृत्व में डेडलिफ्ट व ब्रेंच प्रेस में लड़कियों में ऑवरऑल में द्वितीय स्थान हासिल किया। आयोजक हिमांशु, चेयरमैन रवि उज्जैनवाल व प्रधान काके राजोरा ने विजेताओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। विवेक वाल्मीकि ने विजेताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रखते हुए नियमित व्यायाम से भी नाम रोशन किया जा सकता है, जिसका उदाहरण उक्त विजेता बच्चे है। विजेताओं की इस उपलब्धि से सिरसा गौरवान्वित हुआ है।

## आपदा की स्थिति के मद्देनजर बाढ़ नियंत्रण केंद्र किया स्थापित

# बाढ़ से निपटने के लिए इंतजाम रखें पुख्ता: डीसी

- घग्गर में जलस्तर पर निगरानी रखें तथा अपनी मशीनरी को दुरुस्त रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

उपायुक्त आरके सिंह ने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी पूरी तरह से सतर्क रहें, अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूर्ण रखें। सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार घग्गर में जलस्तर पर निगरानी रखें तथा अपनी मशीनरी को दुरुस्त रखें।



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त आरके सिंह। फोटो : हरिभूमि

सिरसा जिला प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण केंद स्थापित किया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 01666-248882 जारी किया गया है। ये निर्देश उपायुक्त ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कर्मचारियों की घग्गर तटबंधों पर ड्यूटियां लगाए ताकि जलस्तर पर निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा ग्रामीणों से भी तालमेल बनाए रखें, गत वर्ष आई आपदा के दौरान ग्रामीणों को विशेष सहयोग रहा था। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण केंद में 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई जाए। यदि कहीं से भी शिकायत आती है तो उसे नोट करें और संबंधित उच्च अधिकारी को अवगत करवाएं ताकि समस्या से समय रहते निपटा जा सके।

उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति में जल्द से जल्द पानी की निकासी की व्यवस्था हो, इसके लिए सभी उपकरण को दुरुस्त रखा जाए ताकि बाद किसी प्रकार की परेशानी न हो।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
16 जुलाई 2024



अपने लविंग पार्टनर को लेकर थोड़ा-बहुत पजेसिव होना तो सामान्य है। लेकिन यह बिहेवियर जब ऑब्सेशन में बदल जाए तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है। ऐसा एक साइको कंडीशन 'लव ब्रेन' की वजह से हो सकता है। इस मेंटल कंडीशन के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे में सजग रहते हुए इसके लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जानना जरूरी है।

## पार्टनर का ऑब्सेसिव बिहेवियर लव ब्रेन का हो सकता है शिकार हो जाएं सजग

कवर स्टोरी



पूजा आनंद शर्मा
मनोवैज्ञानिक, विश्वास हीलिंग सेंटर, दिल्ली



हाल ही में सोशल मीडिया पर चीन से आई 'लव ब्रेन' की खबर सुर्खियों में रही। एक अट्ठारह साल की लड़की की अपने ब्वॉय फ्रेंड के प्रति चाहत इतनी बढ़ गई कि वह हर वक्त उसे अपने आस-पास देखना चाहती थी। वह उसकी हर एक्टिविटी पर नजर रखने लगी। ब्वॉय फ्रेंड दूर होने पर वह उसे कॉल करती रहती थी। उसका ऑब्सेसिव बिहेवियर इस कदर बढ़ गया कि वह अपने ब्वॉय फ्रेंड को दिन में सौ बार से अधिक कॉल करने लगी। गर्ल फ्रेंड के पजेसिव बिहेवियर से परेशान होकर लड़के को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। मेडिकल जांच में पता चला कि लड़की 'लव ब्रेन' की मरीज है। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### समझें ऑब्सेसिव बिहेवियर

लव ब्रेन को समझने से पहले ऑब्सेसिव बिहेवियर को जानना जरूरी है। आज के दौर में प्यार करने वाले कई लोगों में ऑब्सेसिव बिहेवियर देखने को मिल जाता है। ऐसे लोगों में इमोशनल स्टेबिलिटी का अभाव होता है। यानी रिश्ते को लंबे समय चलाने के लिए जरूरी भावनात्मक मजबूती की कमी होती है। ऐसे लोग दूसरे के साथ रिश्ता तो कायम कर लेते हैं, लेकिन भावनात्मक मजबूती के अभाव में उस रिश्ते से बहुत जल्दी दूर भी हो जाते हैं।

### क्या हैं लक्षण

आमतौर पर जब दो शख्स एक-दूसरे से प्यार करते हैं तो वे चाहते हैं कि उनका पार्टनर उनका खूब ख्याल रखे, अपना पूरा वक्त उसे दे, सिर्फ उनके साथ ही घूमे-फिरे। जब यही प्यार दिल और दिमाग पर हावी होने लगता है, तो एक गंभीर बीमारी का रूप ले लेता है। व्यक्ति अपनी जिंदगी भूल कर बस सिर्फ अपने साथी के बारे में सोचता है। पार्टनर के प्रति वह इतना पजेसिव हो जाता है कि दिनभर उससे संपर्क रखने की पुरजोर कोशिश करता है। कई बार मैसेज भेजता है या फोन करता है। इग्नोर या रिजेक्ट किए जाने को स्वीकार नहीं कर पाता। उससे बेवजह लड़ाई-झगड़ा करने लगता है। यहां तक कि एंग्जाइटी या डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। पीड़ित व्यक्ति भावनात्मक रूप से अशांत रहता है।अपने साथी के दूर होने का डर उसे हमेशा सताता रहता है। अपने पार्टनर की अटेंशन पाने के लिए ऊटपटांग हरकतें करता है। उसमें मनोभावों को कंट्रोल करने की क्षमता कम होती जाती है, जिससे मूड स्विंग की प्रॉब्लम होती है।

### क्या है लव ब्रेन की स्थिति

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार लव ब्रेन की स्थिति एक गंभीर मनोवैज्ञानिक स्थिति है। इसे बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर भी कहा जाता है। यह प्यार का ऐसा ऑब्सेसिव बिहेवियर है, जो बेहद खतरनाक है। इसमें व्यक्ति खुद को या अपने पार्टनर को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकता है।

### उपचार का तरीका

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ऑब्सेसिव बिहेवियर के बारे में हमें सजग रहना जरूरी है। बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर को अगर समय रहते कंट्रोल ना किया जाए तो यह बड़ी बीमारी का रूप भी ले सकता है। व्यक्ति के ऑब्सेसिव बिहेवियर में सुधार ना हो तो यथाशीघ्र मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट की मदद जरूर लें। एक्सपर्ट विभिन्न प्रकार की साइकोथैरेपी के माध्यम से व्यक्ति का बिहेवियर मॉडिफिकेशन करते हैं, जिसके लिए उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मदद लेते हैं।

### ऐसे करें बचाव

व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए तैयार करना चाहिए। जिसमें वह खुद के साथ ज्यादा वक्त बिताए, अपनी भावनाओं को समझे, अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। इसके अलावा ऑब्सेसिव बिहेवियर के बचाव के लिए कुछ और बातें भी ध्यान में रखें-

- अगर व्यक्ति अपने पार्टनर में ऑब्सेसिव बिहेवियर महसूस कर रहा है तो ऐसे में जरूरी है कि उससे कुछ समय के लिए दूरी बना लेनी चाहिए। उसे पूरा स्पेस देना चाहिए ताकि वह अपनी भावनाओं को कंट्रोल कर सके।
- ऑबसेस्ड व्यक्ति को अपनी हॉबीज के हिसाब से अपने पसंदीदा काम या क्रिएटिव एक्टिविटीज करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
- उसे अपने दोस्तों और परिवार के अन्य सदस्यों से संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार करना चाहिए। ताकि वो उनसे अपने मन की बात शेयर कर सके और तनावपूर्ण स्थिति से निकल सके।
- ऑब्सेसिव बिहेवियर के शिकार व्यक्ति को जिंदगी में किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि वह उसे पाने के लिए भरसक कोशिश करता रहे और व्यस्त रहे। वरना उसमें नकारात्मकता आ सकती है और अपने साथी के प्रति ज्यादा ऑब्सेसिव हो सकता है।

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

### क्या हैं कारण



**सवाल उठता** है कि आखिर आंखों से शुरू होने वाला प्यार दिल और दिमाग पर इतना हावी कैसे हो जाता है, जो इतनी चिंताजनक स्थिति को जन्म देता है? इसके पीछे कई कारण हैं-

**चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होना**: लव ब्रेन, आमतौर पर उन लोगों को होता है, जो बचपन में किसी ट्रॉमा का यानी कि चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होते हैं। यानी बचपन से ही वे अपने पैरेंट्स के बीच आपस में प्यार या लगाव ना होने, उनके बीच लड़ाई-झगड़े होते देखते हैं। ऐसे बच्चों के अंतस में बचपन से ही अपने साथी पर अविश्वास करने की भावनाएं बैठ जाती हैं, जो भविष्य में या बड़े होने पर उनके व्यवहार में खुद-ब-खुद आ जाती हैं। रिलेशनशिप में अगर व्यक्ति का अपने पार्टनर के साथ गहरा संबंध स्थापित नहीं हो पाया है या पार्टनर उनके मुताबिक नहीं चलता, तो लव ब्रेन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**ओवर कॉन्फिडेंस होना**: व्यक्ति को भ्रम रहता है कि वह जो कर रहा है, ठीक कर रहा है। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। एक तरह से उसमें ओवर कॉन्फिडेंस आ जाता है कि उससे अच्छा कोई नहीं कर सकता, वह सामने वाले व्यक्ति पर एकाधिकार जमाने लगता है।

**एल्कोहलिक होना** : ऐसे लोगों में एल्कोहल या ड्रिंक करने की आदत जरूर पाई जाती है। भले ही शुरू में वे कभी-कभार करते हैं लेकिन धीरे-धीरे इसके आदी हो जाते हैं, अपने सामने किसी की नहीं सुनते।

**अहंकारी होना**: ऐसे लोगों में ईगो बहुत होता है। अपने आप को स्पेशल समझते हैं। उन्हें लगता है कि वह जो कर रहे हैं, वह बहुत अच्छा कर रहे हैं। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। वह अपने साथी के प्रति ऑब्सेसिव हो जाते हैं, उनके साथ अलग तरह का बर्ताव करने लगते हैं। एकाधिकार कायम करने में असफल होने पर उन्हें बुरा लगता है और गुस्से में गलत कदम तक उठा लेते हैं।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. जे. के. गुप्ता जनरल फिजीशियन, दिल्ली

अन्य मौसमों की तुलना में बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए इस दौरान एक्सट्रा केयर की जरूरत होती है। बारिश में बीमारी से बचने के लिए वे कौन-सी सावधानियां हैं, जिन्हें बरतना जरूरी है, जानिए।

## तब बारिश के मौसम में आप नहीं होंगी बीमार



बारिश के मौसम में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स की आशंका बढ़ जाती है। जरा-सी असावधानी होने पर सर्दी, खांसी, गले में खराश, वायरल फीवर, एलर्जी, डायरिया, फूड प्वॉयजनिंग या फिर मच्छर काटने से मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इस मौसम में हमारे शरीर की इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि मानसून के दौरान खुद को हेल्दी रखने के लिए ऐसी डाइट लें, जो इंफेक्शन से हमें बचाने में हेल्पफुल हो। अगर आप इस मौसम में कुछ छोटी लेकिन जरूरी बातों को ध्यान में रखेंगी तो इन मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन से बची रह सकती हैं और अपने परिवार के सदस्यों को भी बचाए रख सकती हैं।



**साफ-सफाई का रखें ध्यानः** स्वयं को और परिवार के सदस्यों को मच्छर के काटने से बचाने के लिए जरूरी है कि शरीर को ढंकने वाले पूरी बांह के अपर और लोअर ड्रेस पहनें, ताकि मच्छरों और दूसरे कीड़े-मकौड़ों के काटने से बचा जा सके। सुनिश्चित करें कि घर, गली के आस-पास भी गंदगी ना फैले। घर और वर्कप्लेस में इस्तेमाल होने वाले डस्टबिन को हमेशा ढंककर रखें। घर की छतों-यार्ड में पुराने टायरों, गमलों या ऐसे टूटे-फूटे सामानों को हटा दें, जिसमें पानी इकट्ठा हो सकता है। गार्डन के गमलों या मनी प्लांट जैसे पौधों के जार का पानी दो-तीन दिन में जरूर बदलें। कहीं भी पानी जमा ना हो क्योंकि जमे हुए पानी में ही मच्छर पनपते हैं।

**खान-पान में ना बरतें लापरवाहीः** वैसे तो खाना हमेशा ताजा ही खाना चाहिए, लेकिन बरसात के दिनों में ज्यादा एलर्ट रहने की जरूरत है। मानसून में फूड प्वॉइजनिंग होने के चांस बहुत ज्यादा होते हैं। इससे वॉमिट आना, डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसी समस्या हो सकती हैं। इसलिए खाना बनाने से पहले सभी कच्ची सब्जियों और फलों को अच्छे से धो लें। जहां तक हो सके बाहर का खाना अवॉयड करें। अगर खाएं तो यह सुनिश्चित करें कि खाना ताजा हो। सूप, नूडल्स और पास्ता जैसी चीजें गर्म-गर्म ही खाएं। कच्चा सलाद या पहले से कटे फल ना खाएं। नॉनवेज यहां तक कि अंडा भी ना खाएं। इन दिनों नॉनवेज में बहुत जल्दी बैक्टीरिया पनपते हैं। इनसे पेट खराब हो सकता है। इस मौसम में ठंडे ड्रिंक्स के बजाय गर्म या हल्की गर्म ड्रिंक्स का सेवन करें। हर्बल टी, ग्रीन टी या कैमोमाइल टी भी पी सकती हैं।

प्रस्तुतिः ललिता गोयल

### बरतें ये भी सावधानियां

- बची हुई आइसक्रीम या मिल्क प्रोडक्ट्स को दोबारा फ्रिज में ना रखें। ऐसा करने से उसमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना रहती है।
- इस मौसम में सभी तरह की सॉस, चटनी या केचअप का कम से कम सेवन करें। इन चीजों को नॉर्मल टेंप्रेचर में रखा जाता है, जिसके कारण इसमें अधिक बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।
- दूध से बनी मिठाइयां भी तब तक ना खाएं, जब तक उसको कंट्रोल्ड टेंप्रेचर यानी फ्रिज में ना रखा गया हो ।
- मसालेदार, ऑयली, जंक, स्ट्रीट और पैक्ड फूड्स के साथ शराब और धूम्रपान से दूरी बनाकर रखें।
- हमेशा खाना खाने से पहले, खाना खाने के बाद और वाशरूम का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को एंटी-बैक्टीरियल हैंडवाश या सोप से अच्छी तरह धोएं।
- अगर आपको लूज मोशन या अनडाइजेशन की समस्या हो रही है तो ओआरएस का घोल बनाकर पिएं। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को मेंटेन करने में मदद करेगा।
- बारिश के दिनों में बड़ों और बच्चों को स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स जैसे स्किन एलर्जी, रैशेज हो जाती हैं। इनसे बचने के लिए कोशिश करें बारिश में बॉडी को ड्राय रखें।

टिप्स

## ट्विजर से बनाएं परफेक्ट आईब्रो शेप

आपका चेहरा तब और खूबसूरत नजर आता है, जब आईब्रो की शेप परफेक्ट हो। अलग-अलग चेहरे पर अलग तरह की आईब्रो शेप अच्छी लगती हैं। लंबे चेहरे और गोल चेहरे पर बो (धनुषाकार) शेप, ओवल फेस पर ऊपर की ओर उठी हुई आईब्रो अच्छी लगती हैं। वैसे तो सैलून में जाकर थ्रेडिंग, वैक्सिंग के जरिए आईब्रो बनवाई जाती है। लेकिन घर पर ट्विजर प्लकर की मदद से भी आईब्रो को परफेक्ट शेप दी जा सकती है। इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है।



- घर में आईब्रो को खूबसूरत आकार देने के लिए पहले देखें कि वे शुरू कहां से हो रही हैं और इन्हें कहां तक बनाना है? एक सफेद आईलाइनर की मदद से जैसी आईब्रो आपको चाहिए, फेस पर उतनी मार्क कर लीजिए। इसके बाद आईब्रो के अनचाहे बालों को निकाल लें। आईब्रो की छंटाई के लिए सही और अच्छी क्वालिटी का ट्विजर प्लकर ही इस्तेमाल करें।
- आईब्रो बनाने के बाद अगर लगे कि इनके शेप में डिफरेंस है तो ट्विजर की मदद से मोटी आईब्रो को नीचे से शेप देने की बजाय आईब्रो को ऊपर की तरफ से शेप दें।
- अगर आईब्रोज बहुत हैवी हैं तो उन्हें सही शेप दें, उन्हें पतली ना बनाएं। अगर आईब्रो ज्यादा पतली बन गई हैं तो इन्हें और ज्यादा ना छेड़ें। इनकी दोबारा ग्रोथ होने का इंतजार करें।
- आईब्रो बनाने के बाद एस्ट्रिंजेंट लोशन या क्रीम जरूर लगाएं।

-सहेली फीचर्स

ब्यूटी



शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

कई पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना, त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसका फेस पैक स्किन से जुड़ी कई प्रॉब्लम्स को दूर करने के साथ ही उसे निखारता भी है। यही नहीं, बालों को मजबूत और डेंड्रफ-फ्री बनाने में भी पुदीना बहुत यूजफुल है।

## निखरी त्वचा के लिए यूज करें पुदीना

पुदीने यानी मिंट की भीनी-भीनी खुशबू और स्वाद से हम सभी परिचित हैं। पुदीना लगभग हर भारतीय घर की रसोई में आसानी से मिलता है। यह ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि त्वचा को निखारने और बालों को कोमल-मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ स्किन को कूल रखने, कील-मुंहासों को दूर करने और चेहरे की सूजन कम करने में सहायक होता है। इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी किया जाता है।

**पिंपल्स-टैनिंग करे दूर** : पिंपल और टैनिंग की प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मिंट फेस पैक को यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए बाउल में पुदीने की कुछ पत्तियों का रस निकालें। अब इसमें एक खीरे को छीलकर कद्दूकस कर लें। इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द-गिर्द खुले अंगों पर आधे घंटे तक लगाकर रखें। इसके बाद ताजे पानी से धोएं। इसे लगाने से पिंपल्स और टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। पिंपल की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो पुदीने के रस में नारियल तेल मिलाकर लगाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पिंपल दूर हो जाएंगे। इसके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लगेंगे।



**ऑयली स्किन फेशियल** : मिंट फेशियल, ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए बाउल में दो बड़े चम्मच ताजा पिसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाए रखें, फिर हल्के हाथ से मसाज करते हुए ताजे पानी से चेहरा धो लें।

**स्किन ब्राइटनिंग** : पुदीने और गुलाब जल का पैक, स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर पैक बनाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ देर लगाने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें। गुलाब जल स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। इसके अलावा केले और पुदीने के रस का फेस पैक भी स्किन ब्राइटनिंग के लिए अच्छा है। इसे बनाने के लिए एक पके हुए केले को मैश कर लें। अब इसमें पुदीने की कुछ पत्तियों का पेस्ट मिलाएं। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे ठंडे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से चेहरे पर एक निखार आएगा।



**बाल बनाए डेंड्रफ-फ्री** : अगर आपके बाल पतले हैं और उसमें रूसी यानी डेंड्रफ है तो इसके लिए भी पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। इसके साथ पुदीने का हेयर मास्क भी इफेक्टिव हो सकता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के 10-12 पत्ते पीस लें। अब इसमें पिसे चने की दाल और दही मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने के आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से बालों की दोनों समस्या से आपको निजात मिलेगी।


पैरेंटिंग / रेखा शाह आरबी

आपका बच्चा पढ़ता तो खूब है, लेकिन उसे याद नहीं रहता। बच्चे को अपना पढ़ा याद रहे, इसके लिए आपको बच्चे में कुछ आदतें डालनी होंगी। इसके बाद आप देखेंगी कि बच्चे को पढ़ा हुआ याद रहने लगा है।

## क्या आपका बच्चा याद किया हुआ जल्दी भूल जाता है

बच्चों के स्कूल खुल चुके हैं, उनकी पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब अगर आपको इस बात की चिंता सता रही है कि आपका बच्चा पढ़ा हुआ बहुत जल्दी भूल जाता है तो नई क्लास में कैसे अच्छा परफॉर्म करेगा तो यह जान लें अधिकांश पैरेंट्स को यह शिकायत रहती है कि उनका बच्चा जो पढ़ता-लिखता है, भूल जाता है। कहने को तो बच्चे खूब मेहनत भी करते हैं, लेकिन बच्चों को भूलने की दिक्कत का सामना, स्कूल और घर दोनों जगह करना पड़ता है। इससे उनका रिजल्ट भी प्रभावित होता है। बच्चों की भूलने की आदत उनके करियर पर नेगेटिव असर डालती है। बच्चे मेहनत से एग्जाम की भरपूर तैयारी भी करते हैं, लेकिन एग्जाम के समय सब कुछ भूल जाते हैं, इससे बच्चों का कॉन्फिडेंस कम होता है। ऐसे बच्चों पर पैरेंट्स को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। उस पर गुस्सा करने के बजाय यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि आखिर इसके पीछे कारण क्या है? इस समस्या के निदान के लिए प्रयत्न करना चाहिए, जिससे बच्चा पढ़े गए लेसन को लंबे समय तक याद रखे। इसके लिए पैरेंट्स अगर कुछ छोटे-छोटे उपाय अपनाएंगे तो बच्चा अपना पढ़ा लेसन जल्दी नहीं भूलेगा। उसके नंबर एग्जाम में अच्छे आएंगे।

**लिखकर करे यादः** जो बच्चा अपना पढ़ा लेसन बार-बार भूल जाता है, ऐसे बच्चे को लिखकर याद करवाएं। स्वयं का लिखा हुआ बच्चा जल्दी भूल नहीं पाएगा। बच्चा जब पढ़ने के लिए बैठता है तो उसका मन भी इधर-उधर भटकता है, लेकिन लिखते समय वह पूरे ध्यान से लिखता है तो उसे अपना लेसन याद रहता है। लिखकर याद करते समय आप जरूरी प्वाइंट्स को बच्चे से अंडरलाइन भी करवा सकती हैं। इससे बच्चे का कंसंट्रेशन बढ़ेगा। उसे अपना पढ़ा हुआ याद रहेगा।



**नोट्स जरूर बनवाएंः** आजकल अनेक बच्चे मोबाइल पर भी पढ़ते हैं। ऐसे में बच्चे लिखते बहुत कम हैं। इससे बच्चे की मेमोरी कमजोर होती है, क्योंकि मोबाइल पर बच्चे को सिर्फ रीडिंग करना होता है, लिखना बहुत कम रहता है। ऐसे में उसे कोई लेसन पूरी तरह याद नहीं रहता, जबकि नोट्स बनाने पर आमतौर पर बच्चे को आधे से अधिक लेसन लिखते समय ही याद हो जाता है। इसलिए बच्चे को हर सब्जेक्ट के नोट्स बनाने की आदत जरूर बनाएं।



**ग्रुप स्टडीः** कई बार बच्चे को अकेले पढ़ना-लिखना ऊबाऊ लगता है। इसलिए बच्चे ग्रुप स्टडी करें। इससे बच्चा अन्य बच्चों से प्रभावित होकर स्वयं ही पढ़ाई की तरफ ध्यान देने लगेगा। वह अन्य बच्चों को पढ़ता देखकर पढ़ने के लिए प्रेरित होगा, अपने साथियों की तरह अच्छे अंक लाने की कोशिश करेगा।

**बीच-बीच में ब्रेक देंः** कुछ पैरेंट्स बच्चों को लगातार पढ़ने के लिए जोर देते हैं, जो सही नहीं है। थके शरीर और दिमाग के साथ बच्चे को कुछ भी याद नहीं होगा। इसलिए बहुत जरूरी है, पढ़ाई के समय बीच में उसे ब्रेक दें। उसे अन्य कामों को करने के लिए कहें, जैसे-कोई फिजिकल गेम या कोई अन्य फिजिकल एक्टिविटी करे। इससे बच्चे का दिमाग फ्रेश होगा, पढ़ाई पर अधिक फोकस करने से उसका परिणाम बेहतर होगा।

**रिवीजन करवाएंः** बच्चे ही नहीं बड़े भी एक बार पढ़कर याद नहीं रख पाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को बार-बार रिवीजन कराती रहें। बच्चे को पढ़े हुए लेसन बार-बार दोहराने से उसे सारे लेसन याद रहेंगे फिर क्लास में उसके अच्छे नंबर आएंगे। उसका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा।

खबर संक्षेप

### देसी कट्टा व कारतूस के साथ युवक पकड़ा

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस टीम ने 315 बोर देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ एक नौजवान युवक को काबू करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सन्दीप सिंह उर्फ सिप्पा पुत्र जग्गा सिंह निवासी गदराना के रूप मे हुई है। सीआईए डबवाली प्रभारी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम जगजीत सिंह के नेतृत्व मे रेलवे पुल कालांवाली के पास गश्त पर थी, तभी एक युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से देसी कट्टा व एक कारतूस बरामद हुआ।

### परमार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट का पौधरोपण अभियान शुरू

**उकलाना मंडी।** परमार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट हर वर्ष पौधारोपण के कार्यक्रम करता रहा है। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए ट्रस्ट ने इस वर्ष भी अपना पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आरंभ कर दिया है। इस अभियान के तहत आज नया गांव, भेरी अकबरपुर, साहू, सनियाना, कुंदनपुरा, मदनपुरा, कल्लर भैनी, मदनपुरा, सुरेवाला मोड़ व प्रभुवाला में पौधे वितरित किए गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष कपिल नारंग, कोषाध्यक्ष कंवल भ्याना, करण जांगड़ा, अनिल कुमार फ्रंड साहू, जयवीर बिडलान प्रभुवाला, जसकरण सनियाना, आत्माराम भेरियां, रमेश सरपंच कल्लर भैनी, कुलदीप सरपंच मदनपुरा, सुनील सिली, सुनील फ्रंड, कृष एलावादी व ईश्वर दहिया कुंदनपुरा उपस्थित रहे।

### पनिहारी मंदिर से हजारों की नकदी-सामान चोरी

**बरवाला।** क्षेत्र के गांव पनिहारी बजरंग बली मंदिर से चोरी का मामला सामने आया है। चोर मंदिर से हजारों रुपए का सामान व नकदी लेकर फरार हो गए। मंदिर के नागा बाबा पुष्पेंद्र गिरी ने बरवाला पुलिस को बताया कि वह हरबंश वाला जोहड़ के पास बजरंग बली मंदिर में रहते हैं। मैं खनौरी डेरे गया था। उसी रात बजरंग बली मंदिर से इन्वर्टर, बैटरी, एलसीडी, गैस सिलेंडर, वाद्य यंत्र व 20 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। हमें गांव के ही कुछ नशेड़ी लोगों पर चोरी का शक है।

### ऊंटों से भरा ट्रक पकड़ा तीन आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** गौपुत्र सेना हरियाणा की टीम ने डायल 112 पुलिस के सहयोग से ऊंटों से भरा एक ट्रक पकड़ा। ऊटों को बीकानेर से हरियाणा के रास्ते वध के लिए यूपी ले जा रहे थे। पुलिस ने मौके से 3 तस्कर को काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में अजमल कुशाल नगर जिला मेरठ व ड्राइवर अंसार निवासी नावली मेवात और कंडक्टर अकरम खान निवासी ठोंस जिला अलवर शामिल है।

### प्रदेश के विकास में पूर्वांचल वासियों की अहम भूमिका

**हिसार।** भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ जिला हिसार की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान, पूर्वांचल समाज की एकता, एक-दूसरे को सहयोग करने और सरकार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

## हिसार मंडल को ड्रग मुक्त बनाने का अभियान जारी

# रतिया के 6 गांव व शहर का एक वार्ड नशामुक्त घोषित

**एडीजीपी ने संबंधित सरपंचों व मॉडल टाउन के पार्षद को स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया



रतिया। एडीजीपी को स्मृति चिन्ह भेंट करते एसपी आस्था मोदी

हिसार मंडल को ड्रग मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को रतिया सब डिवीजन के 6 गांवों व शहर के 1 वार्ड को एडीजीपी हिसार मंडल ने ड्रग मुक्त गांव के सम्मान से नवाजा। फतेहाबाद रोड पर स्थित हॉल में आयोजित कार्यक्रम में एडीजीपी हिसार मंडल डॉ. एम रवि किरण ने 6 गांवों कलोठा, खैरपुर, चनकोठी, नथवान, हमजापुर, ढाणी मुंशी वाली के सरपंचों व रतिया शहर के मॉडल टाउन के पार्षद को स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किए। इस अवसर पर एसपी आस्था मोदी भी मौजूद रही। कार्यक्रम को संबोधित करे हुए डॉ. एम रवि किरण ने कहा कि आज समाज में बढ़ता ड्रग्स का प्रचलन एक बड़ी समस्या है व समय रहते इस बुराई पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है। इस कार्य के लिए सभी विभागों को एकजुट होकर व योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतो, सामाजिक संगठनों और प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने स्तर पर ड्रग के बढ़ते प्रचलन से समाज को बचाने के लिए काम करना होगा। हम निष्ठा से प्रयास करेंगे तो परिणाम अवश्य मिलेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए किसी का इंतजार नहीं कर सकते हैं।

### अब तक 700 लोगों ने नशे को कहा अलविदा

समाज को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करे, सशक्त एवं जागरूक समाज में कोई बुराई नहीं पनपती। एडीजीपी ने कहा नशे जैसी बुराई पर अंकुश लगाने के लिए हिसार मंडल पुलिस द्वारा तीन स्तर पर काम किया जा रहे हैं। अब तक लगभग 700 लोगों ने नशे को अलविदा कहा है। जो लोग नशा लेते थे, उन्होंने भी पहले की अपेक्षा मात्र कम कर दी है कुछ लोगों का उपचार चल रहा है, वह नशा छोडने के लिए प्रयास करते हैं। खुशी की बात ही है कि कोई नया बच्चा नशे की लत में नहीं जाना पाया गया। जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़ ने कहा कि जिला फतेहाबाद को ड्रग मुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। वह जिले के नशे के बारे में संवेदनशील गांवों मैं पुलिस व्यवस्था ने प्रशासन के सहयोग से ड्रग मुक्ति कैंप भी लगवाए जाएंगे। इस अवसर पर गांव हमजापुर में एडीजीपी व एसपी ने नशा मुक्त गांव का बोर्ड लगाकर गांव हमजापुर को नशा मुक्त घोषित किया तथा पार्क में पौधारोपण कर आमजन से अपील की। इस अवसर रतिया डीएसपी संजय कुमार, शहर रतिया प्रभारी जय सिंह, सदर रतिया प्रभारी ओम प्रकाश, पुलिस प्रवक्ता विनोद कुमार, उजागर सिंह व रतिया ईलाका के विभिन्न गांवों के सरपंच एवं सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शिविर में 226 रोगियों के नेत्र जांचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

- मोतियाबिंद से पीड़ित 24 मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया



सिरसा। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्स।

सामाजिक संस्था हनुमंत फाउंडेशन द्वारा नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चेरिटेबल अस्पताल में आंखों की जांच व आपरेशन का 258वां निशुल्क शिविर लगाया गया। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ डा. महीप बंसल ने मंत्रोच्चारण के साथ किया। कैम्प में सह संस्थापक समाजसेवी डा. प्रवीण अरोड़ा तथा सचिव डा. महीप बंसल ने अपनी टीम के साथ 226 नेत्र रोगियों की जांच की गई। शिविर के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित 24 जरूरतमंद मरीजों का निशुल्क आपरेशन के लिए चयन किया गया। इसके अलावा 75 मरीजों की मधुमेह जांच के साथ सभी रोगियों को दवाइयां दी गई।संरक्षक एमपी गर्ग का कैम्प आयोजन में विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बाबू राम मित्तल, अंबर अरोड़ा, भूप सिंह गहलोत, डा. राज कुमार गुप्ता, मनोहर लाल लूथरा, सुमन मित्तल, एमपी गर्ग उपस्थित रहे।

# भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद, दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डबवाली



सिरसा। गिरफ्तार आरोपियों से बरामद डोडा पोस्त।

सीआईए स्टाफ डबवाली ने एक स्विफ्ट कार में रखी 52 किलो डोडा पोस्त सहित दो व्यक्तियों को काबू करने में सफलता हासिल की है।आरोपियों की पहचान जसवीर सिंह उर्फ जस्सी पुत्र दलीप सिंह वासी पक्की थाना हिन्दूमलकोट जिला गंगानगर राजस्थान व जीत सिंह उर्फ जीतू पुत्र वजीर सिंह निवासी ढाणी गोमा सिंह वाला तन्दूरवाली थाना टिब्बी जिला हनुमानगढ के रुप में हुई है। सीआईए स्टाफ डबवाली की टीम ने गांव कालूआना से जंडवाला टी प्वाइंट के पास गंगा रोड़ पर एक सफेद रंग की गाडी स्विफ्ट डिजायर कार की शक के आधार पर तलाशी ली तो कार की डिग्गी में से डोडा पोस्त बरामद हुई। कार में सवार दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रामनिवास कर्मचारी संघ के प्रधान बने

**चोपटा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाथूसरी चोपटा में सर्व कर्मचारी संघ ( कौशल) ने एक बैठक आयोजित करके यूनियन की कार्यकारिणी गठित की। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से राम निवास मोचीवाली को प्रधान व रमेश कुमार शक्करमंदोरी को उप प्रधान मनोनीत किया गया। रामनिवास मोचीवाली ने प्रधान बनने के बाद सर्व कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा बनाई। आंदोलन दो चरणों में किया जाएगा जिसमें पहले चरण में 16 जुलाई को सरकार के खिलाफ जिला मुख्यालय पर विरोध जाहिर कर सरकार को मांग पत्र भेजेंगे। यह आंदोलन दो चरणों में जारी रहेगा।

# स्वयंसेवकों को पौधे किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



सिरसा। स्वयंसेवकों को पौधे वितरित करते हुए।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत हैलो सिरसा की टीम सीएमके कॉलेज में पहुंची। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्या डा. रंजना ग्रोवर ने कहा कि पौधारोपण करने के बाद उसकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है, क्योंकि अधिकतर लोग पौधारोपण तो करते हैं, लेकिन उनकी देखभाल नहीं करते। इस कारण कुछ दिनों बाद वे पौधे खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के बाद ही उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी शुरू होती है, इसलिए हमें पौधारोपण करने के बाद उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे ही हमारे जीवन का बड़े होकर यापन करते हैं। डा. ग्रोवर ने कहा कि हर व्यक्ति को एक पौधा अपने हर जन्मदिन पर लगाना चाहिए। बाद में उसकी देखरेख की जानी चाहिए, ताकि वह फल फूलने के बाद वातावरण को शुद्ध कर सके। एनसीसी कैडेट्स ने आज विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार पौधे जैसे जामुन, आंवला, अमरूद, शीशम एवं केशिया गलुका आदि के पौधे लगाए। इस अवसर पर रमा सर्राफ ने कहा कि वायुमंडल में कॉर्बन डाइऑक्साइड को शुद्ध करने के लिए ऑक्सीजन बहुत जरूरी है, इसलिए हमें मिलकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए ताकि वातावरण शुद्ध हो सके और बीमारियां भी कम हों।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मॉक ड्रिल की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डबवाली

- पुलिस लाइन डबवाली में पुलिस बल को विशेष ट्रेनिग दी



सिरसा। मॉक ड्रिल का निरीक्षण करती पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग।

पुलिस जिला डबवाली में कानून व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर जिला पुलिस लाइन में दंगा निरोधक पुलिस कंपनियों को मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान पुलिस बल को विशेष ट्रेनिग दी गई, जिससे जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए यह पुलिस बल हमेशा तैयार रहेगा। इस मॉक ड्रिल में उप पुलिस अधीक्षक व निरीक्षक स्तर के अधिकारियों से लेकर जिला पुलिस में तैनात सिपाही तक सभी को प्रशिक्षण दिया गया है। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि पुलिस कर्मचारियों की कार्यकुशलता को और अधिक बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान उन्होंने इस मॉक ड्रिल का निरीक्षण भी किया। जहां भी उन्हें कमी मिली उसे दूर करने के आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि जब जिले में किसी प्रकार का माहौल बिगड़ता है तो पुलिस कर्मचारियों के पास ट्रेनिग का अभ्यास न होने के कारण समय पर दंगा नहीं रोक पाती। इसी को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। कई बार पुलिस कर्मचारी ट्रेनिंग के बाद इसका अभ्यास करने का मौका भी नहीं मिला। इसलिए समय-समय पर इस तरह की ट्रेनिग आयोजित की जाती है। इस ताकि पुलिस कर्मचारियों को जो ट्रेनिग मिली है वो भूले ना।

मॉक ड्रिल में पुलिस कर्मचारियों को भीड़ को तितर-बितर करने व दंगा निरोधक गतिविधियों पर कैसे काबू पाया जाए,इस के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा विशेषज्ञों की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों को आंसू गैस के गोले छोड़ना व भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कनसील्ड व डंडे के साथ अभ्यास करवाया गया।

# कांग्रेस की फूट, भाजपा की लूट से त्रस्त जनता आम आदमी पार्टी को देगी मौका

- ढाबी में जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच पहुंचे आप नेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव ढाबी कलां में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से मिलते आम आदमी पार्टी के नेता।

हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी है। पार्टी द्वारा जिले में जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत कर लोगों के बीच पार्टी की नीतियों का प्रचार किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश सहसचिव लक्ष्य गर्ग के नेतृत्व में पार्टी नेता जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान भट्टू क्षेत्र के गांव ढाबी कलां पहुंचे और ग्रामीणों के बीच जाकर उनसे बातचीत की। लोगों में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर काफी गुस्सा नजर आया और बढ़ रही महंगाई से लोग त्रस्त नजर आए। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए लक्ष्य गर्ग ने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जनता से किए अपने वायदों को पूरा करने का काम किया है। दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व में लोगों को सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्हें जहां फ्री बिजली मिल रही है वहीं बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। दूसरी ओर हरियाणा में लोग सरकार की नीतियों से बेहाल है। बिजली के भारी भरकम बिल आ रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। लक्ष्य गर्ग ने कहा कि आज हरियाणा के लोग बदलाव चाहते हैं।

# श्याम बाबा संवारते भक्तों के बिगड़े काम

- बीड़ बबरान धाम के अर्जी संकीर्तन में श्याम बाबा के भजनों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार



हिसार। बीड़ बबरान धाम में अर्जी संकीर्तन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।

महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में आयोजित अर्जी संकीर्तन में भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा। इस अवसर पर बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा ने पूरे विधि विधान से श्री श्याम बाबा की पूजा व आराधना की और निज पुजारी विनय शर्मा ने भजनों के माध्यम से स्तुतिगान शुरू किया।

हिसार से पधारे गायकों के साथ मिलकर विनय शर्मा ने भजनों से समां बांध दिया। गायकों के मुख से श्री श्याम बाबा की महिमा सुनभर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। श्री श्याम बाबा के जयकारे के साथ भक्तों ने दरबार में अर्जी लगाई और मन्नतें पूरी होने की कामना की। निज पुजारी विनय शर्मा ने सोमवार को बताया कि बीड़ बबरान धाम में श्याम बाबा श्रद्धालुओं के बिगड़े काम संवार देते हैं। इसलिए दूर-दूर के क्षेत्रों से भी भक्त अपनी अर्जी लगाने के लिए बीड़ बबरान धाम में पहुंचते हैं।

उन्होंने कहा कि बीड़ बबरान धाम में महाभारतकालीन कई साक्ष्य मौजूद हैं। यहां पर सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।

## नव कल्याण संस्था ने किया नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

# शिविर में 150 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



फतेहाबाद। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल ज्याणी को सम्मानित करते नव कल्याण संस्था के सदस्य।

गरीबों व असहायों की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। हर सामर्थ्यवान व्यक्ति को गरीबी और असहायों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। नव कल्याण जैसी क्षेत्र की सामाजिक संस्थाएं समाजसेवा के अपने कर्तव्य का बखूबी पालन कर रही है। लोगों को भी ऐसी संस्थाओं से जुडक़र समाजसेवा के अभियान को आगे बढ़ाना चाहिए।

यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेत अनिल ज्याणी ने जवाहर चौक स्थित श्री कृष्णा सेवा समिति धर्मशाला में नव कल्याण संस्था द्वारा आयोजित नेत्र एवं दंत जांच कैम्प एवं फिजियोथैरेपी शिविर का बतौर विशिष्ट अतिथि शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने नवकल्याण संस्था द्वारा किए जा सामाजिक कार्यों को सराहा और हरसंभव मदद का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजसेवी चांदीराम वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नेहा मित्तल, जगदीश नायक, मा. सीताराम चौहान, नगर पार्षद मा. चन्द्रभान वधवा, जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह, केसर कम्बोज, पवन कुमार आदि ने भी शिरकत की। कैम्प की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रधान बंटी कम्बोज ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

### इन लोगों का रहा विशेष योगदान

अनिल ज्याणी ने कहा कि आज देश में गरीब परिवारों के लिए महंगी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले पाना नामुमकिन सा हो गया है। ऐसे में गरीब परिवारों के लोग बिना इलाज के लिए अपनी जान गंवा बैठते हैं। ऐसे में सामाजिक संस्थाएं इन परिवारों के लिए भगवान से कम नहीं है। गरीब परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं देने की बात हो, शिक्षा के लिए जरूरतमंद बच्चों की सहायता करनी हो, पर्यावरण संरक्षण की मुहिम हो, हर क्षेत्र में नव कल्याण जैसी संस्थाएं अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने संस्था सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए अपने सामाजिक अभियान को यूं ही जारी रखने का आह्वान किया। कैम्प में कैम्प में आई क्यू सुपर अस्पताल से डॉ. सतीश ढींगड़ा व हिमांशु गर्ग, पाहवा क्लिनिक से डॉ. कोमल गेरा व डॉ. सोनिया आनन्द व फिजियोथैरेपी स्पैशलिस्ट डॉ. परमजीत ने अपनी निशुल्क सेवाएं देते हुए करीब 150 मरीजों की जांच की तथा उन्हें उचित परामर्श दिया। अंत में सभी अतिथियों व चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चांदीराम वर्मा, रितिक मांजू खजूरी, पवन पूनियां, सुनील बिश्नोई, शिक्षाविद् रितू खन्ना, पायल चक्रवर्ती, संस्था प्रचारमंत्री सुदर्शन नरूला, महेन्द्र कम्बोज, अंकित कुमार, संयम कुमार, सुरेश वडवाल ने विशेष योगदान दिया।

# हड़ताल से सचिवालय में कामकाज रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ की राज्यव्यापी हड़ताल के आह्वान के चलते आज लघु सचिवालय में हड़ताल का असर देखने को मिला। कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ से जुड़े कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर रहे। इस कारण कामकाज ठप रहा। ई-दिशा केंद्र बिल्कुल खाली रहा है। लोग काम करवाने के लिए आए, लेकिन किसी भी कर्मचारी के न मिलने के कारण उनको बैरंग लौटना पड़ा। कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ का कहना है कि कंप्यूटर प्रोफेशन संघ लगातार लंबे समय से अपनी मांगों के लिए संघर्षरत हैं। 11 सितंबर 2019 को भारतीय मजदूर संघ के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में सेवा नियम की सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद अब 4 साल से इस पर कोई काम नहीं हुआ है। कर्मचारियों के पद सृजित किए जाएं।

**सूचना**

मैं, बलवंत सिंह पुत्र शंकर लाल निवासी दौलतपुर मजरा हिजरावां कलां तहसील व जिला फतेहाबाद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जयवीर व उसकी पत्नी राजबाला दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैं इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए लेन-देन व अच्छे-बुरे कार्य के लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का इनके साथ कोई ताल्लुक वा वास्ता नहीं रहा है।

## खबर संक्षेप

### बाबा राणाधीर मंदिर का अर्धवर्षिक मेला आज



**भूना।** क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा राणाधीर मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को अर्धवार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ हजारों की संख्या में होने की संभावनाओं को लेकर मेला कमेटी व पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े बंदोबस्त किए हैं। बाबा राणाधीर सेवा समिति के सचिव अनिल सोनी व हरविंदर बागड़ी ने यह जानकारी दी।

### पूनियां बने पंचायती राज संगठन के जिला कोर्डिनेटर

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के युवा कांग्रेस नेता अमित पूनियां को



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का जिला कोर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। पंचायत राज संगठन के चेयरमैन सुनील पंवार ने अमित पूनियां को इस बारे नियुक्ति पत्र भेजा है। अमित पूनियां को संगठन में मिली इस अहम जिम्मेवारी से पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। अमित पूनियां ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व अन्य नेताओं का आभार जताया।

### गोगामेड़ी सेवा ट्रस्ट की कार्यकारिणी गठित

**रतिया।** गोगामेड़ी सेवा ट्रस्ट रतिया की बैठक आज गोगामेड़ी प्रांगण में बाबा तेज गिरि के सानिध्य व संरक्षक हरिकेश मंगला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ट्रस्ट के प्रधान राम गोपाल ने अपना इस्तीफा सौंपा, जिसे कमेटी द्वारा स्वीकार किया गया। कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से अमरीक सिंह सैनी को प्रधान चुना गया। प्रधान अमरीक सैनी ने नई कार्यकारणी की घोषणा की। इसमें मुख्य संरक्षक राम गोपाल, संरक्षक हरिकेश मंगला व राजकुमार मित्तल, उप प्रधान विजय सोनू जिंदल, जोगिंदर सिंह व राजकुमार सिंगला, सचिव विनोद बंसल, सह सचिव राजू करण्डी, कोषाध्यक्ष हरपाल ग्रोहा, सह कोषाध्यक्ष राजू हरियाणा टिम्बर व अन्य को नियुक्त किया गया।

### भाजपा मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**फतेहाबाद।** भाजपा जिला कार्यालय में विस्तृत मंडल कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शम्मी ढींगड़ा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम ने शिरकत की। मंच संचालन मंडल महामंत्री राजेश जांगड़ा ने किया। विधायक दुड़ाराम ने कहा कि विधानसभा चुनाव बहुत ही नजदीक हैं। इसलिए कार्यकर्ता अपने अपने बूथों की मजबूती के लिए काम करें। हर बूथ पर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। भाजपा सरकार की नीतियों योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। बूथ मजबूत होगा तो हमारा चुनाव मजबूत होगा।

### क्रेसण्ट स्कूल के छात्रों ने दिखाया दमखम



**फतेहाबाद।** विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना दमखम दिखाया है। आयु वर्ग 13 व आयु वर्ग 19 के विद्यार्थियों की शतरंज प्रतियोगिता में क्रेसण्ट स्कूल की छात्रा अभिलाषा ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करके नेशनल लेवल पर पश्चिम बंगाल के कोलकाता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। अभिलाषा को दूसरा स्थान प्राप्त करने पर हरियाणा सरकार द्वारा ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं 3 हजार रूपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## एसपी दीप्ति गर्ग ने ग्रामीणों से की बातचीत, दिया आश्वासन

# नशे के खिलाफ चौटाला में आवाज बुलंद, पुलिस चौकी के बाहर धरना

एसपी दीप्ति गर्ग ने कहा कि नशे को जड़ से खत्म किया जाएगा, लोगों में जागरूकता एक अच्छा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली



**सिरसा।** नशे के खिलाफ धरने पर बैठे लोग, एसपी डबवाली को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी।

मेडिकल नशे में चिट्टे के खिलाफ सोमवार को डबवाली क्षेत्र में बड़ी आवाज बुलंद हुई। क्षेत्र के गांव चौटाला में सोमवार को सैंकड़ो लोग नशे के खिलाफ एकजुट हुए और चौटाला चौकी के बाहर धरना प्रदर्शन किया। किसान नेता राकेश फोगडिय़ा ने इस मामले में पहल की और उनके साथ बड़ी तादाद में लोग नशे व अपराध के खिलाफ एकजुट होते गए। लोगों ने एकत्रित होकर अपने रोष का इजहार करते हुए पुलिस प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिए कि अब नशे के खिलाफ खानापूर्ति की कार्रवाई नहीं चलेगी। नशे के खिलाफ चौटाला के बाजार भी बंद रहे। धरने में इलाके के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। कई घंटे तक लोग प्रदर्शन करते रहे इसके बाद डबवाली की एसपी दीप्ति गर्ग मौके पर पहुंची और आंदोलनकारियों से बात की। राकेश फोगाडिय़ा ने बताया कि 21 लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी दीप्ति गर्ग से बात की। इस प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन भी उन्हें सौंपा। इस ज्ञापन में बताया गया कि किस प्रकार से डबवाली इलाके में सरेआम मेडिकल नशा व चिट्टा बिकता है। हालात इतने बदतर है कि स्कूल व कालेज के बच्चे भी नशे का शिकार हो रहे हैं। नशे के कारण लगातार मौतें हो रही है। छीना झपटी व लूटपाट की वारदातें भी नशे के कारण ही हो रही है। नशे को रोकने के लिए जो कार्रवाई होती है वह खाना पूर्ति बनकर रह जाती है। मेडिकल नशा बेचने वालों को छापे से पहले ही कार्रवाई की जानकारी मिल जाती है। एसपी दीप्ति गर्ग ने आंदोलनकारी की बात को ध्यान से सुना। इसके बाद उन्होंने आंदोलन कर रहे लोगों के सामने घोषणा करते हुए कहा कि इस मामले में विशेष कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लोगों की जागरूकता अच्छी बात है और लोगों को साथ लेकर इसे जड़ से खत्म किया जाएगा। एसपी के आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने अपना धरना प्रदर्शन फिलहाल समाप्त कर दिया। किसान नेता राकेश फोगडय़ा ने बताया कि एसपी दीप्ति गर्ग के आश्वासन के बाद आंदोलनकारी फिलहाल धरने से उठ गए हैं। लेकिन एक माह तक पुलिस के एक्शन की समीक्षा की जाएगी। और यदि फिर भी पुलिस प्रशासन ने नशे पर लगाम न लगाई तो आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। इस मौके पर दयाराम, शिवचरण, राजेश कुमार, सतवीर सहारण, संजय मिढा, सुभाष, प्रेम गोदारा, गुरचरण सिंह, सुशील कुमार, संतलाल, अवनी सिहाग, रजनीश कुमार, अश्विनी, नत्थूराम, सर्वजीत व अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

# सरकार से खफा सफाई कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री द्वारा 2 सफाई कर्मियों के मानदेय में की गई मामूली बढ़ोतरी से इन कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इस बढ़ोतरी को नाकाफी बताते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को शहर में जिला स्तर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जिलेभर से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया और मुख्यमंत्री का पुतला फूंका।

प्रदर्शन का नेतृत्व ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव बेगराज ने किया।

सफाई कर्मियों को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव बेगराज व कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार सफाई कर्मियों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। 17 साल से कच्ची नौकरी की मार झेल रहे सफाई कर्मियों को इस विधान सभा चुनाव से पहले पक्के होने की उम्मीद थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सफाई कर्मियों को पक्क करने की बजाय केवल 1000 रुपये की मामूली सी बढ़ोतरी करके जले पर नमक छिडक़ने का काम किया है।

### कर्मचारी बोले, पक्का करे सरकार, नहीं तो चुप नहीं रहेंगे

सरकार ने सफाई कर्मचारी पोर्टल बनाने की घोषणा करते हुए अपनी मंशा साफ कर दी है की ये सफाई कर्मचारी आगे भी पक्के नहीं होंगें और जीवनभर कच्ची नौकरी की मार झेलते रहेंगे। यूनियन ने कहा कि अब हरियाणा के 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारी चुप नहीं बैठेंगे और इस नाइंसाफी और शोषण के खिलाफ प्रदेश भर में आंदोलन करेंगे।

### आंदोलन की रणनीति तैयार

1 और 2 अगस्त को उपायुक्त कार्यालय पर 24 घण्टे पड़ाव डाला जाएगा। 11 अगस्त को सीएम सिटी करनाल में राज्य स्तरीय जोनल प्रदर्शन करते हुए सीएम आवास का घेराव करते हुए आंदोलन को तेज किया जाएगा। आज के प्रदर्शन को सुरेंद्र कुमार, अनिल कुमार बोस्ती, हरपाल सिंह, दर्शन सिंह, गुरदास, जगदीश, पवन कुमार, दीपक कुमार, गुलजारी ने संबोधित किया।

## जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन




**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन अपैक्स पब्लिक स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला फतेहबाद के सभी ब्लॉक के 150 चयनित खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस बारे जानकारी देते हुए जिला कराटे संघ के महासचिव सुनील शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भट्टू ब्लॉक ने प्रथम, फतेहाबाद ने द्वितीय तथा भूना ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में गोल्ड पदक विजेता खिलाड़ी पानीपत में 19 से 21जुलाई तक होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला कराटे संघ की प्रधान सुमन रानी, कोच कृष्ण कोशिक विकास कुमार, कुलदीप, सीनियर कोच हवा सिंह, ज्योति शर्मा, नरेश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

# कुरीतियों को खत्म करने पर किया मंथन

- वाल्मीकि सेवा समिति पदाधिकारियों के बीच पहुंची टीम जिन्दगी, सामाजिक समस्याओं के निदान पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** वाल्मीकि मंदिर पहुंची टीम जिन्दगी का स्वागत करते वाल्मीकि सेवा समिति पदाधिकारी।

जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, व्यापार और नशे जैसे गंभीर विषय पर लोगों को जागरूक करने के लिए जारी मुहिम के तहत टीम जिन्दगी ने वाल्मीकि सेवा समिति पदाधिकारियों के साथ बैठक की। टीम की तरफ से जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने वाल्मीकि सेवा समिति पदाधिकारियों से उनकी मुहिम में सहयोग करने की अपील की। समिति अध्यक्ष अशोक सरबटा ने टीम जिन्दगी को आश्वस्त किया कि सामाजिक उत्थान के लिए सबसे अहम इन विषयों को लेकर वे हर संभव सहयोग करेंगे। धर्मशाला रोड स्थित वाल्मीकि मंदिर प्रांगण में हुई इस बैठक में क्षेत्र में लगातारर बढ़ रहे कैमीकल नशे को सभी समस्याओं की जड़ माना। सामाजिक कार्यकर्ता हरदीप सिंह ने कहा कि किसी भी समाज का उत्थान तभी हो सकता है, जब उसके बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की मुख्यधारा में लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम हो। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियां और विधायक, सांसद बनने या बनने के चाहवान इनके नेतागण इन मुद्दों को चुनावी भाषणों में तो सर्वोपरी रखते हैं। लेकिन सत्ता प्राप्त करने उपरांत इन मुद्दों पर काम करने के बारे गलती से भी नहीं सोचते। उन्होंने कहा कि सर्वजन समाज को ऐसे स्वार्थी दलों और नेताओं को सबक सिखाने के लिए एकजुट होना होगा। सर्वजन की एकजुटता से ही नशे जैसी गंभीर बीमारी से निजात पाने का रास्ता निकलेगा। सरकारें व उनके जनप्रतिनिधि जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार की श्रेष्ठ सुविधाएं मुहैया करवाने पर जोर देंगी। इस अवसर पर अनूप डच, सौरव रत्ति, गौरव रत्ति, भीम व अन्य मौजूद रहे।

# डॉक्टरों की हड़ताल से परेशान रहे मरीज

- मांगों को लेकर अस्पताल के चिकित्सक दो घंटे हड़ताल पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा




**सिरसा।** नागरिक अस्पताल में विरोध जाहिर करते डाक्टर।

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को नागरिक अस्पताल के डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक हड़ताल रखी गई। डॉक्टर इस दौरान इक_ हुए और सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। डॉक्टरों ने कहा कि अगर सरकार मांगे नहीं मानती है तो 25 जुलाई के बाद अनिश्चित हड़ताल पर जाएंगे। वहीं हड़ताल के कारण मरीजों को काफी परेशानी हुई। रविवार की छुट्टी होने के कारण सोमवार को ओपीडी खुली तो मरीजों की संख्या भी ज्यादा रही। मरीज उपचार करवाने के लिए ओपीडी में गए तो डॉक्टर नहीं मिले। इसके चलते बाहर बैठकर मरीजों का इंतजार करना पड़ा। डॉक्टरों ने बताया कि उन्होंने मांगों को लेकर पहले भी हड़ताल की थी। इस दौरान तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आश्वासन दिया था कि सरकार उनकी मांगों पर विचार कर रही है और जल्द उन्हें पूरा किया जाएगा लेकिन अभी तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है। इसके चलते मजबूरन उन्हें हड़ताल करनी पड़ रही है, इसकी जिम्मेदार सरकार है। उनकी सरकार से मांग है कि सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञों की भारी कमी है, स्पेशलिस्ट का अलग कैडर बनाया जाए। पीजी बांड की राशि में कमी की जाए। एसोसिएशन का कहना है कि मेडिकल आफिसर के 3900 पदों में से 1100, एसएमओ के 636 पदों में से 250 पद और निदेशक के आठ पदों में से पांच पद खाली हैं। राज्य के सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञों की भारी कमी है लेकिन स्पेशलिस्ट कॉडर का प्रस्ताव वित्त विभाग में पिछले चार महीने से अटका हुआ है। पीजी बॉड की राशि में कमी का प्रस्ताव भी छह महीने से लंबित है। एमओ से एसएमओ के नियमित पदोन्नति की फाइल भी पिछले डेढ़ साल से देरी से चल रही है। जो डॉक्टर 2002 में एमओ के रूप में शामिल हुए थे, वे अभी भी पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### नहराना स्कूल में लगाए फलदार व छायादार पौधे

**चोपटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहराना में पौधारोपण अभियान के तहत स्कूल प्रिंसिपल शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने मिलकर फलदार व छायादार पौधे लगाए। इस दौरान पौधारोपण कर उनकी देखभाल की जिम्मेवारी ली। यह जानकारी देते हुए प्रिंसिपल विद्याधर बैनीवाल ने बताया कि स्कूल परिसर में आम, अमरूद, नीम, अशोक, जामुन, गोल्डमोहर समेत कई तरह के पौधे लगाए। इस मौके पर प्रिंसिपल विद्याधर बैनीवाल ने कहा कि वर्तमान समय में हम सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है तभी आने वाला भविष्य अच्छा होगा।

# सार्थक साबित हो रहे समाधान शिविर : सिंह



**सिरसा।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते उपायुक्त।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

उपायुक्त आरके सिंह ने बताया कि जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर सार्थक साबित हो रहे है। अबतक जिला में कुल 2928 समस्याएं आई है जिनमें से 1591 समस्याओं का निवारण किया जा चुका है, शेष समस्याओं का भी प्राथमिकता से निवारण करवाया जा रहा है। सोमवार को उपायुक्त आर.के. सिंह के समक्ष 81 समस्याएं आई, अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया गया। उन्होंने बताया कि अब समाधान शिविर प्रातः 10 से 12 बजे तक लगेगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को संबंधित अधिकारी प्राथमिकता से लेते हुए उनका समाधान करें। अधिकारी व कर्मचारी अपना काम ईमानदारी से करें, जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन पर प्रशासन द्वारा उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में पहुंचकर नागरिक अपनी शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवा सकता है। समाधान शिविर समाधान शिविर में उपायुक्त आर.के. सिंह के समक्ष गांव जोगेवाला निवासी जगदीश ने परिवार पहचान पत्र में नाम अलग करवाने संबंधी समस्या रखी, जिस पर उपायुक्त के निर्देशानुसार तुंरत समस्या का निवारण किया गया। आवेदक जगदीश ने प्रशासन का आभार जताया।

## समाधान शिविर में अधिकारियों ने सुनीं शिकायतें

# 33 शिकायतों में से 29 का मौके पर निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदेश सरकार ने आमजन की समस्याओं के निदान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन शिविरों में नागरिकों की समस्या का समाधान किया जा रहा है। सोमवार को जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 9 बजे से 11 बजे समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में सोमवार को कुल 33 शिकायतें आई जिनके निवारण के लिए मौके पर ही संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए गए। शिविर में कुल 33 शिकायतों में से 29 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। क्रिड विभाग की 27, समाज कल्याण व स्वास्थ्य विभाग की प्राप्त एक-एक शिकायत का मौके पर समाधान किया गया जबकि चार शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित रही, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में अधिकतर नागरिक परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, पेंशन, जमीनी विवाद, पेयजल व सीवरेज इत्यादि से संबंधित समस्याएं लेकर आ रहे हैं, जिनका प्राथमिकता के तौर पर निवारण किया जा रहा है। इस अवसर पर डीएसपी जयपाल सिंह, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद तुली व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 7988727916, 9253681005